एक नजर में

## पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश




**इंदौर.** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में अभ्यास मंडल परिवार द्वारा आर.पी.एल. माहेश्वरी कॉलेज परिसर में नीम वृक्षारोपण एवं पर्यावरण जनजागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. डॉ. मालासिंह ठाकुर ने अभ्यास मंडल का परिचय देते हुए संस्था द्वारा शिक्षा, समाजसेवा एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी. उन्होंने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कहा कि प्रकृति के साथ संतुलित जीवन ही मानवता के सुरक्षित भविष्य का आधार है. इस अवसर पर महाविद्यालय प्रबंधन के रामअवतार जाजू, डॉ. वीणा सोनी तथा अभ्यास मंडल के अध्यक्ष रामेश्वर गुप्ता ने भी अपने विचार व्यक्त किए. वक्ताओं ने पर्यावरणीय चुनौतियों पर चिंता व्यक्त करते हुए जल, जंगल और जमीन के संरक्षण को समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बताया. कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण की शपथ डॉ. स्वप्निल व्यास ने दिलवाई. कार्यक्रम के प्रारंभ में डॉ. जयकिशन साहू ने स्वागत भाषण देते हुए उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया. किशनलाल सोमानी ने कहा कि नीम भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण वृक्ष है, जो वायु शुद्धिकरण के साथ-साथ मानव स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत उपयोगी है. कार्यक्रम के दौरान परिसर में नीम के पौधों का रोपण किया गया. संचालन डॉ. चेतन जोशी ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन डॉ. विकास जोशी ने माना. कार्यक्रम के संयोजक एन.के. उपाध्याय थे. इस अवसर पर सीबी सिंह, लव शारदा, देवेंद्र बाहेती, हरेराम वाजपेयी, नूर मोह कुरैशी, वैशाली खरे, मुरली खंडेलवाल, शफी शेख, यश जायसवाल, सुनील व्यास,, प्रणीता दीक्षित, सुनील कुमार चौधरी, शरद सोमपुरकर सहित बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य नागरिक, पर्यावरण प्रेमी एवं महाविद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे.

## पर्यावरणीय संवाद का आयोजन



**इंदौर.** विश्व पर्यावरण दिवस 2026 के उपलक्ष्य में आयोजित 34वें वार्षिक सप्ताहव्यापी पर्यावरणीय संवाद के अंतर्गत जिम्मी मगिलिगन सेंटर फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट, सनावदिया में स्वच्छ जल एवं स्वच्छ वायु हेतु जलवायु कार्रवाई विषय पर एक प्रेरणादायक एवं ज्ञानवर्धक कार्यक्रम हुआ. कार्यक्रम का शुभारंभ पर्यावरणविद् डॉ. जनक पलटा मगिलिगन के स्वागत उद्बोधन से हुआ। उन्होंने विद्यार्थियों को संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम, विश्व पर्यावरण दिवस के इतिहास, उद्देश्य एवं वर्तमान संदर्भ में इसकी प्रासंगिकता से अवगत कराया. अपने जीवन के अनुभवों और सतत विकास की यात्रा को साझा करते हुए उन्होंने बताया कि पर्यावरण संरक्षण की शुरुआत स्वयं से होती है. भू-वैज्ञानिक सुधीन्द्र मोहन शर्मा ने कहा कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए जल संरक्षण आज की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है. वहीं डॉ. दिलीप वाघेला ने कहा कि जलवायु कार्रवाई कोई दूर का लक्ष्य नहीं है, बल्कि आज की आवश्यकता है. इस संवाद के माध्यम से श्री वैष्णव इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, इंदौर के विद्यार्थियों को यह समझने का अवसर मिला कि सतत विकास केवल एक अवधारणा नहीं, बल्कि जीवन जीने का एक जिम्मेदार तरीका है. प्रोफेसर राजीव संगल ने आभार माना.

## प्रकृति परिवर्तन दिवस आयोजित



**इंदौर.** विश्व पर्यावरण दिवस की पूर्व संध्या पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के ओम शांति भवन, न्यू पलासिया में प्रकृति परिवर्तन दिवस का आयोजन किया गया. इस अवसर पर प्रकृति और पर्यावरण विषय पर एक विशेष परिचर्चा आयोजित की गई, जिसमें पर्यावरण संरक्षण एवं प्रकृति के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने का संदेश दिया गया. मुख्य वक्ता भूजल वैज्ञानिक एवं पर्यावरण विशेषज्ञ सुधीन्द्र मोहन शर्मा ने कहा कि हमारे प्राचीन ग्रंथ ऋग्वेद में पर्यावरण के संतुलन का अत्यंत वैज्ञानिक वर्णन मिलता है. प्रकृति हमें निरंतर पोषित करती है, इसलिए उसके प्रति कृतज्ञता और संवेदनशीलता का भाव रखना आवश्यक है. राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी आरती दीदी ने कहा कि प्रकृति हमारी पालक है और उसकी सेवा करना हमारा नैतिक कर्तव्य है. श्रेष्ठ एवं सकारात्मक विचारों का प्रभाव प्रकृति पर भी पड़ता है. जस्टिस बी. डी. राठी ने कहा कि प्रकृति अत्यंत संवेदनशील है. उन्होंने सभी को प्रकृति के प्रति प्रेम और संरक्षण का भाव विकसित करने की प्रेरणा दी. अतिथियों का परिचय राकेश बमोरिया ने दिया. उपस्थित सभी भाई-बहनों को बीके रुखमणि दीदी ने पर्यावरण संरक्षण एवं प्रकृति की सुरक्षा हेतु संकल्प करवाया. संचालन बीके आशा बहन ने किया. आभार बीके रेवती दीदी ने माना.

## पर्यावरण संरक्षण को लेकर सेमिनार आज

**इंदौर.** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ आर्किटेक्टस इंदौर सेंटर द्वारा एक विशेष आयोजन किया जा रहा है जिसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ वास्तुकला एवं डिज़ाइन क्षेत्र में तेजी से बढ़ रही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तकनीकों से प्रतिभागियों को परिचित कराना है. 5 जून को होने वाले इस तीन घंटे के सेमीनार में जिसमें शहर के आर्किटेक्ट्स, डिज़ाइनर्स एवं कन्स्ट्रक्शन प्रोफेशनल्स एकत्रित होंगे. कार्यक्रम की संयोजक एवं आईआईए इंदौर सेंटर की सचिव आर्किटेक्ट स्नेहल सोनटक्के ने बताया कि यह सेमिनार आर्किटेक्ट सोमाली सिन्हा द्वारा संचालित किया जाएगा, जो प्रतिभागियों को एआई के व्यावहारिक उपयोगों एवं उद्योग में उसके बढ़ते प्रभाव के बारे में मार्गदर्शन देंगी. आईआईए इंदौर सेंटर के अध्यक्ष आर्किटेक्ट नितिन घुले ने कहा कि हमें उम्मीद है कि यह आयोजन पर्यावरण संरक्षण और तकनीकी नवाचार के समन्वय का एक उत्कृष्ट उदाहरण बनेगा.

# मंदिर की 1.5 करोड़ की भूमि अतिक्रमण मुक्त

▶ 700 मीटर रास्ता भी खोला

**नवभारत न्यूज**

**इंदौर.** जिले में शासकीय और सार्वजनिक भूमि से अतिक्रमण हटाने के अभियान के तहत गुरुवार को प्रशासन ने खुड़ैल तहसील के ग्राम गारीपिपलिया में बड़ी कार्रवाई करते हुए देव धर्मराज मंदिर की करीब 1.5 करोड़ रुपये मूल्य की भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया. साथ ही मंदिर तक पहुंचने के लिए बंद पड़ा लगभग 700 मीटर लंबा मार्ग भी बहाल कराया गया.

राजस्व अमले की कार्रवाई में मंदिर की भूमि से अवैध कब्जा हटाया गया. यह भूमि सर्वे नंबर 271 में स्थित है, जिसका रकबा 0.295 हेक्टेयर बताया गया है. प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार भूमि पर लंबे समय से अतिक्रमण था, जिसे हटाने के बाद मंदिर परिसर को मूल स्वरूप में वापस लिया गया. कार्रवाई के दौरान राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर सीमांकन और अन्य



आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी कीं. इसके बाद अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई. प्रशासन ने मंदिर तक सुगम आवागमन सुनिश्चित करने के लिए सर्वे नंबर 273 की शासकीय भूमि से गुजरने वाले लगभग 700 मीटर लंबे मार्ग को भी खुलवाया. इससे ग्रामीणों और श्रद्धालुओं को मंदिर तक पहुंचने में सुविधा होगी. इस दौरान तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, पटवारी सहित राजस्व विभाग का अमला मौजूद रहा. प्रशासन ने संकेत दिए हैं कि जिले में शासकीय एवं सार्वजनिक भूमि पर किए गए अतिक्रमणों के विरुद्ध कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी.

# महिला के दस्तावेजों का दुरुपयोग कर लोन लेने वाला गिरोह पकड़ाया

▶ ब्रांच मैनेजर और कर्मचारी की मिलीभगत से 40 हजार हड़पे

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** शहर में एक महिला के दस्तावेजों का दुरुपयोग कर फर्जी लोन निकालने वाले संगठित गिरोह का क्राइम ब्रांच ने पर्दाफाश किया है. इस मामले में फायनांस कंपनी के तत्कालीन ब्रांच मैनेजर और कर्मचारी की मिलीभगत सामने आई है, जिन्होंने सह-आरोपी महिला के साथ मिलकर 40 हजार रुपए का लोन हड़प लिया और पीड़िता को डिफाल्टर बना दिया.

पुलिस के अनुसार, जूनी इंदौर निवासी अमरीन बैग जुलाई 2025 में अपने पति के साथ एक शोरूम पर वाशिंग मशीन फायनांस कराने पहुंचीं, जहां लोन रिजेक्ट होने पर उन्हें पता चला कि उनके नाम पर पहले से ही 40 हजार रुपए का लोन चल रहा है और किश्तें न चुकाने के कारण उनका सिबिल स्कोर खराब हो चुका है. पीड़िता ने जब फायनांस कंपनी से लोन के दस्तावेज निकलवाए तो सामने आया कि केवाईसी दस्तावेज तो उनके थे, लेकिन लोन के समय ली गई फोटो और बैंक खाता किसी अन्य महिला अमरीन खान का था.

**गिरोह के अन्य लिंक और संभावित मामलों की जांच की जा रही-** डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश त्रिपाठी ने बताया कि मामले में आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी और कूटरचना की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच की जा रही है. गिरोह के अन्य लिंक और संभावित मामलों की भी पड़ताल की जा रही है.

### पीड़िता के दस्तावेज लेकर दूसरी महिला की फोटो और बैंक डिटेल अपलोड कर दी

जांच में खुलासा हुआ कि 28 दिसंबर 2023 को कंपनी के तत्कालीन सीएसआर राहुल कुमार पोरवाल ने लोन के नाम पर पीड़िता के दस्तावेज लिए और आपराधिक साजिश के तहत दूसरी महिला की फोटो और बैंक डिटेल अपलोड कर दी. इसके बाद तत्कालीन ब्रांच मैनेजर दिलीप यादव ने बिना उचित सत्यापन के लोन को मंजूरी दे दी. महज दो दिन में 30 दिसंबर 2023 को 40 हजार रुपए का लोन पास कर राशि सह-आरोपी के खाते में ट्रांसफर कर दी गई.

# 2 तस्करों से 1.81 लाख की एमडी ड्रग्स और बुलेट जब्त

▶ पुलिस चैकिंग होते देख भागने पर पुलिस ने दबोचा

**इंदौर.** नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस% अभियान के तहत चंदननगर थाना पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए एमडी ड्रग्स की तस्करी करने वाले दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 18.59 ग्राम अवैध एमडी ड्रग्स कीमत करीब 1 लाख 81 हजार रुपये और वारदात में इस्तेमाल एक रॉयल एनफील्ड बुलेट मोटरसाइकिल (कीमत करीब 2 लाख रुपये) जब्त की है. कुल मसरूका 3.81 लाख रुपये आंका गया है.

चंदननगर थाना प्रभारी निरीक्षक तिलक कारोले के नेतृत्व में पुलिस टीम जब सिहासा वाइन शॉप के पास चेकिंग कर रही थी, तभी बुलेट सवार दो युवक पुलिस को देखकर भागने लगे. टीम ने तत्परता दिखाते हुए पानी की टंकी के पास घेराबंदी कर दोनों को दबोच लिया. तलाशी लेने पर उनके पास से एमडी ड्रग्स बरामद हुई. आरोपियों की पहचान अभिषेक पिता कैलाश सोलंकी निवासी सिरपुर और अशरफ उर्फ बंटी पिता अब्दुल हमीद खान निवासी ग्रीन पार्क, इंदौर के रूप में हुई है. ड्रग्स की यह खेप आरोपी अशरफ के पास से मिली है. पूछताछ में आरोपियों ने कबूला कि वे खुद भी नशे के आदी हैं. अपने शौक पूरे करने, कर्ज चुकाने और शॉर्टकट से जल्दी अमीर बनने के लिए उन्होंने तस्करी का रास्ता चुना. आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वे ड्रग्स मंदसौर और रतलाम से कम दामों में खरीदकर लाते थे और इंदौर में छोटे-छोटे टोकन बनाकर महंगे दामों में सप्लाई करते थे.

# सरवटे बस स्टैंड के वैष्णो होटल की छत पर लगी आग

▶ टॉवर समेत सामान जलकर हुआ राख, कोई जनहानि नहीं

▶ फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों ने पाया काबू

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** सरवटे बस स्टैंड स्थित एक होटल की छत पर गुरुवार सुबह अचानक आग लगने से इलाके में अफरा तफरी मच गई. सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और समय रहते दो हजार लीटर पानी से आग पर काबू पा लिया. घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन छत पर लगा मोबाइल टॉवर, शेड और पुराना सामान जलकर नष्ट हो गया.

फायर ब्रिगेड के शोभाराम मालवीय ने बताया कि सुबह करीब 9 बजे सूचना मिली कि छोटी ग्वालटोली क्षेत्र में स्थित




वैष्णो होटल की छत पर बने टॉवर एरिया में आग लगी है. होटल महेश शर्मा की बताई गई है. सूचना के बाद दमकल की दो गाड़ियां तत्काल मौके पर पहुंचीं और छत पर चढ़कर पानी डालते हुए आग बुझाने की कार्रवाई शुरू की गई. आग इतनी तेज थी कि छत पर लगा शेड, मोबाइल कंपनी का टॉवर और वहां रखा पुराना सामान पूरी तरह जल गया. आग बुझाने में करीब 2 हजार लीटर पानी का उपयोग किया. प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है. जांच की जा रही है.

# आने वाली पीढ़ी को संभालने के लिए धर्म, संस्कृति और परंपराओं का ज्ञान देना जरुरी

▶ नरसिंह वाटिका में पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में आचार्य ब्रह्मचारी प्रशांत के निर्देशन में अनूठा अनुष्ठान

**इंदौर. हमारी संगठन शक्ति, परम्पराएं और पौराणिक वैभव ही सनातन समाज के आधार स्तम्भ हैं. वर्तमान में अनेक विसंगतियां और विकृतियाँ पनपने लगी हैं। हमारी आने वाली पीढ़ी को सँभालने के लिए उन्हें धर्म, संस्कृति और परम्पराओं का ज्ञान देना बहुत जरुरी है. सिद्ध श्रीचक्र साधना महोत्सव जैसे अनुष्ठान भारतीय गौरवशाली सनातन परम्परा को आगे बढ़ाने में मील के पत्थर की तरह काम करेंगे. इस तरह के आयोजन निरंतर होते रहना चाहिए ताकि नई और पुरानी पीढ़ी के बीच समन्वय एवं संतुलन बना रहे.**

ये आशीर्वचन हैं जगदगुरु शंकराचार्य भानपुरा पीठाधीश्वर स्वामी ज्ञानानंद तीर्थ के, जो उन्होंने एयरपोर्ट रोड स्थित नरसिंह वाटिका पर पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में गुप्त



काशी-केदारखंड के ब्रह्मचारी आचार्य प्रशांत के निर्देशन में आयोजित सिद्ध श्रीचक्र साधना महोत्सव में शामिल साधकों को आशीर्वचन देते हुए व्यक्त किए। अनुष्ठान में पंचायती अखाडा श्री निरंजनी हरिद्वार के महामंडलेश्वर स्वामी जयगिरि महाराज सहित अनेक प्रमुख तपोनिष्ठ संत विद्वानों ने भी अपना सानिध्य प्रदान किया। सांसद शंकर लालवानी सहित अनेक राजनेता भी इस अनुष्ठान के साक्षी बने. स्वामी जयगिरि महाराज ने भी कहा कि पुरुषोत्तम मास में सिद्ध श्रीचक्र साधना में शामिल साधक भाग्यशाली हैं जिन्होंने सनातन धर्म के पोषण के साथ स्वयं के कल्याण के लिए भी यह दिव्य अनुष्ठान विद्वान आचार्यों के निर्देशन में सम्पादित किया है.

प्रारम्भ में शंकराचार्यजी एवं अन्य संतों के सानिध्य में गोमुख से लाए गए पवित्र गंगा जल एवं पंचगव्य से शुद्धिकरण के पश्चात ब्रह्मचारी प्रशांत और उनके सहयोगी विद्वानों ने विद्याधाम के संस्थापक महामंडलेश्वर स्वामी गिरिजानंद सरस्वती 'भगवन' द्वारा बताई गई श्रीविद्या पद्धति से सिद्ध श्रीचक्र की विधिपूर्वक स्थापना कराई तथा गुरु पूजा, गणपति पूजा, कलश स्थापना के बाद श्रीसूक्त, देवीसूक्त, ललिता सहस्त्रनाम मन्त्रों से सामूहिक जाप शुरू किया.

# वंदे मातरम् विवाद : कांग्रेस पार्षद की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

**इंदौर.** नगर निगम के बजट सम्मेलन में वंदे मातरम् गान को लेकर हुए विवाद में कांग्रेस पार्षद की कानूनी मुश्किलें बढ़ गई हैं. न्यायालयीन सूत्रों के अनुसार मामले में दायर अग्रिम जमानत याचिका गुरुवार को जिला अदालत ने खारिज कर दी. हालांकि समाचार लिखे जाने तक न्यायालय के विस्तृत आदेश की प्रति उपलब्ध नहीं हो सकी थी.

गौरतलब है कि नगर निगम के बजट सत्र के दौरान वंदे मातरम् गान को लेकर हुए विवाद के बाद एमजी रोड थाना पुलिस ने कांग्रेस पार्षद फौजिया शेख अलीम एवं रुबीना इकबाल खान के खिलाफ बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज किया था. आरोप है कि दोनों पार्षदों ने राष्ट्रगीत गाने से इनकार किया था, जिसके बाद सदन में विवाद की स्थिति बन गई थी. सूत्रों के मुताबिक अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष ने राहत देने की मांग की, जबकि अभियोजन ने मामले की गंभीरता का हवाला देते हुए इसका विरोध किया. दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने याचिका निरस्त कर दी. उल्लेखनीय है कि वंदे मातरम् विवाद के बाद यह मामला राजनीतिक रूप से भी काफी चर्चित रहा है. भाजपा नेताओं और पार्षदों ने इसे राष्ट्रगीत का अपमान बताते हुए कार्रवाई की मांग की थी, जबकि कांग्रेस की ओर से इसे अलग नजरिए से देखा गया था. अदालत से राहत नहीं मिलने के बाद अब मामले में पुलिस की आगामी कार्रवाई पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं.


## उच्च-शक्ति प्राप्त बिक्री समिति

(भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा गठित)

कार्यालय का पता : चौथी मंजिल, प्लॉट नंबर 226, ए-2, सेक्टर-17, द्वारका, नई दिल्ली - 110075

दूरभाष - 011-40073576

### सार्वजनिक सूचना

### साईं प्रसाद ग्रुप ऑफ कंपनीज की अचल संपत्तियों की ई-नीलामी के लिए बिक्री की सूचना

1. माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा रिट याचिका (आपराधिक) संख्या 546/2023 (बालासाहेब केशवराव भापकर व अन्य बनाम भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड) में पारित दिनांक 15 जुलाई 2024 के आदेश के तहत उच्च-शक्ति प्राप्त बिक्री समिति का गठन किया गया है.

समिति का गठन सर्वोच्च न्यायालय के दिनांक 19.02.2025 के आदेश (पैरा 5 (iii)) के निर्देशों के अनुरूप साईं प्रसाद ग्रुप ऑफ कंपनीज की संपत्तियों को समाप्त (लिक्विडेट) करने के लिए किया गया है, जिसके तहत महाराष्ट्र में 8 संपत्तियों (सतारा में 2, अहमदनगर में 5, पुणे में 1) और मध्य प्रदेश (खरगौन) में 6 संपत्तियों की ई-नीलामी की जाएगी. समिति ने प्रस्तावों के लिए अनुरोध (RFP) जारी किया है, जिसे नीचे दिए गए लिंक पर संपत्ति के दस्तावेजों के साथ देखा जा सकता है.

ई-नीलामी में भाग लेने का विवरण RFP में उपलब्ध है RFP की मुख्य तिथियां इस प्रकार हैं :-

| | |
|---|---|
| ■ RFP प्रकाशन की तिथि | 5 जून, 2026 |
| ■ RFP के लिए बोली जमा करने की अंतिम तिथि और समय | 26 जून, 2026 शाम 4.00 बजे तक |
| ■ ई-नीलामी शुरू होने की तिथि/समय | 15 जुलाई, 2026 सुबह 11.00 बजे |

2. इसके अलावा, महाराष्ट्र में 10 संपत्तियों (सतारा में 3, अहमदनगर में 7) और मध्य प्रदेश (खरगौन) में 4 संपत्तियों के लिए ई-नीलामी तय की गई है. प्रस्तावों के लिए अनुरोध (RFP) को नीचे दिए गए लिंक पर संपत्ति के दस्तावेजों के साथ देखा जा सकता है.

ई-नीलामी में भाग लेने का विवरण RFP में उपलब्ध है. RFP की मुख्य तिथियां इस प्रकार हैं :-

| | |
|---|---|
| ■ ई-पोर्टल पर RFP अपलोड करने की तिथि / बोली जमा करने की शुरुआत | 29 जून, 2026 |
| ■ RFP के लिए बोली जमा करने की अंतिम तिथि और समय | 21 जुलाई, 2026 शाम 4.00 बजे तक |
| ■ ई-नीलामी शुरू होने की तिथि/समय | 5 अगस्त, 2026 सुबह 11.00 बजे |

www.bankeauctionwizard.com
www.hpsc-saiprasad.com

लागू शर्तें :-

3. सभी संपत्तियों को 'जैसा है, जहां है, जो कुछ भी है' के आधार पर बेचा जाएगा और खरीदार उससे संबंधित सभी दावों, देनदारियों और / या बाधाओं के लिए जिम्मेदार होगा.
4. इस नोटिस और इस टेंडर दस्तावेज के तहत RFP में बताई गई संपत्तियों का विवरण विक्रेता को उपलब्ध कराए गए विवरण के अनुसार है. विक्रेता और एजेंसी दोनों ही किसी भी कारण से संपत्तियों के क्षेत्र में किसी भी भिन्नता के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे.
5. संपत्तियों/उनके स्वामित्व दस्तावेजों (टाइटल डीड) में किसी भी विसंगति के लिए समिति किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होगी. बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे संपत्तियों के स्वामित्व की स्वतंत्र जांच (ड्यू डिलिजेंस) करने के बाद ही अपनी बोली जमा करें.
6. जो इच्छुक बोलीदाता सहायता चाहते हैं, वे ईमेल आईडी: hpsc.saiprasad@stockholdingdms.com पर या सुश्री स्नेहल पाटिल, उप प्रबंधक, स्टॉकहोल्डिंग DMS 022-61778742 पर संपर्क कर सकते हैं.

सीबीसी-15204/11/0025/2627


एक नजर में ▶ टीम ने अपनी सोच और तैयारियों का रोडमैप साझा किया

# इंदौर पिंक पैंथर्स एमपीएल में चैंपियन बनने के लक्ष्य के साथ उतरने को तैयार




**इंदौर.** मध्य प्रदेश में क्रिकेट के बढ़ते उत्साह के बीच, इंदौर पिंक पैंथर्स ने मध्य प्रदेश लीग (एमपीएल) टी20-2026 के आने वाले सीज़न के लिए अपनी तैयारियों और सोच का खुलासा किया है. बुधवार को बिचोली स्थित टोडी मेंशन में टीम मैनेजमेंट ने आने वाले सीज़न के लिए अपनी रणनीति, खिलाड़ियों के विकास की योजनाओं और ट्रॉफी जीतने के अपने अंतिम लक्ष्य को साझा किया. इस अवसर पर मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के प्रेसिडेंट महाआर्यमन सिंधिया, मोइरा ग्रुप के चेयरमैन विमल टोडी, वाइस चेयरमैन पवन सिंघानिया, मैनेजिंग डायरेक्टर अविनाश टोडी, क्रिकेट डायरेक्टर संदीप जैन, इंदौर पिंक पैंथर्स के कप्तान वेंकटेश अय्यर, और टीम के खिलाड़ी उपस्थित थे.

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एमपीसीए प्रेसिडेंट महाआर्यमन सिंधिया ने कहा कि मध्य प्रदेश लीग युवा खिलाड़ियों को अपना टैलेंट दिखाने और प्रोफेशनल क्रिकेट में करियर बनाने की दिशा में आगे बढ़ने का मौका देती है. एमपीएल में इस बार पुरुषों की कैटेगरी में 10 टीमें और महिलाओं की कैटेगरी में 5 टीमें हिस्सा ले रही हैं. उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि लीग का मकसद सिर्फ़ कॉम्पिटिटिव क्रिकेट ऑर्गनाइज़ करना नहीं है; इसका मकसद खिलाड़ियों का लंबे समय तक डेवलपमेंट पक्का करना भी है. इसी सोच को ध्यान में रखते हुए, लीग के हिस्से के तौर पर एक प्लेयर डेवलपमेंट प्रोग्राम चलाया जा रहा है, जिसके तहत फ्रेंचाइजी टीमें युवा खिलाड़ियों को ट्रेनिंग, गाइडेंस और कॉम्पिटिटिव मौके दे रही हैं. इंदौर पिंक पैंथर्स के कप्तान वेंकटेश अय्यर ने कहा मैं व्यक्तिगत रूप से सबसे अधिक उत्साहित इस बात को लेकर हूं कि मुझे एक बार फिर इंदौर के लिए खेलने का अवसर मिल रहा है. पिछले एक महीने से हमारी पूरी टीम और सपोर्ट स्टाफ लगातार मेहनत कर रहे हैं. हम टीम के हर पहलू पर काम कर रहे हैं, चाहे वह खिलाड़ियों की तैयारी हो, टीम संयोजन हो या रणनीति. हमारा प्रयास है कि मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें और इंदौर पिंक पैंथर्स को एक सफल टीम के रूप में स्थापित करें.

### युवाओं के सपनों को नई उड़ान देने समर्पित

मोइरा ग्रुप के चेयरमैन विमल टोडी ने कहा कि इंदौर पिंक पैंथर्स केवल एक क्रिकेट टीम नहीं है, बल्कि यह एक ऐसा मंच है जो युवाओं के सपनों को नई उड़ान देने के लिए समर्पित है. मोइरा ग्रुप खिलाड़ियों के विकास को बढ़ावा देने, अत्याधुनिक प्रशिक्षण सुविधाएं स्थापित करने और एक मजबूत खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए लगातार निवेश और समर्थन प्रदान करता रहेगा. वाइस चेयरमैन पवन सिंघानिया ने कहा हमारा प्रयास युवा खिलाड़ियों को अवसर, मार्गदर्शन और ऐसा माहौल उपलब्ध कराना है, जिससे वे भविष्य में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकें. मोइरा ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर अविनाश टोडी ने कहा इंदौर पिंक पैंथर्स का विज़न सिर्फ मैच जीतना नहीं, बल्कि एक ऐसी टीम संस्कृति विकसित करना है जो अनुशासन, उत्कृष्टता और निरंतर विकास को बढ़ावा दे. डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट संदीप जैन ने कहा कि इंदौर पिंक पैंथर्स का उद्देश्य केवल मैच जीतना ही नहीं है, बल्कि इसका लक्ष्य राज्य के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को भविष्य के लिए तैयार करना भी है.